संशोधित

# म.प्र.कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल

"चयन भवन" ,मेन रोड नं. 1. चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल 462011
फोन नं.– .+91-755-2578801-02-03-04, Fax:.+91-755-2550498,

## प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट (PNST) एंड जनरल नर्सिंग एवं मिडवाईफरी ट्रेनिंग सिलेक्शन टेस्ट (GNMTST) – 2024

### परीक्षा संचालन एवं प्रवेश नियम पुस्तिका

**ऑनलाईन आवेदन-पत्र**

| | |
|---|---|
| भरने की प्रारम्भ तिथि : 31/07/2024 | भरने की अंतिम तिथि : 14/08/2024 |
| आवेदन पत्र मे संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि : 31/07/2024 | आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि : 19/08/2024 |
| परीक्षा दिनांक व दिन | **09.09.2024 (सोमवार) से प्रारम्भ** |

**परीक्षा शुल्क**

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये | **रू. 400/-** |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचितं जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ नि:शक्तजन एवं ई.डब्लू.एस.अभ्यर्थियों के लिये ( केवल म.प्र. के मूल निवासियो के लिये ) | **रू. 200/-** |

ऑनलाईन आवेदन -कियोस्क के माध्यम से आनलाईन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एमपीआनलाईन का पोर्टल शुल्क रूपये 60/- देय होगा। इसके अतिरिक्त रस्टिर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- रू. देय होगा।

आनलाईन परीक्षा पद्धति समय सारणी

| परीक्षा दिनांक एवं दिन | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिये रिपोटिंग समय | महत्वपूर्ण निर्देश पढने का समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|---|
| 09.09.2024 (सोमवार) से प्रारम्भ | प्रथम | प्रात: 07:00 - 08:00 बजे तक | 08:50 से 09:00 बजे तक (10 मिनट) | प्रात: 09:00 से 11:00 बजे तक (2:00 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 12:00 - 01:00 बजे तक | 01:50 से 02:00 बजे तक (10 मिनट) | दोपहर 02:00 से 04:00 बजे तक (2:00 घंटे) |

टिप्पणी :-

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मंडल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेस, तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यु.आई.डी.ए.आई (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड / ई.आधार कार्ड / आधार कार्ड की छायाप्रति / आधार नंबर / आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य हैं |
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोटिंग समय तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रानिक डिवाईस यथा डिजिटल घडी, मोबाईल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स, sun glasses एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाईन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाईन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण MPESB द्वारा नहीं किया जाता हैं | अत: कम्प्यूटर आधारित online परीक्षा मे उम्मीदवारो की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी |

## खण्ड-स

**2.31** आवेदन पत्र भरने की समयावधि

| ऑनलाईन आवेदन पत्र | | | ऑनलाईन आवेदन में संशोधन | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भरने की प्रारंभिक तिथि | भरने की अंतिम तिथि | भरने के कुल दिवस | करने की प्रारंभिक तिथि | करने की अंतिम तिथि | करने के कुल दिवस |
| 31/07/2024 | 14/08/2024 | 15 | 31/07/2024 | 19/08/2024 | 20 |

**2.32** आनलाईन परीक्षा का विवरण

| स.क्र. | दिनांक | दिन | पाली | समय | अवधि | अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **09.09.2024 से प्रारम्भ** | **सोमवार** | **प्रथम** | **प्रातः 09:00 से 11:00 तक** | **02 घंटे** | **100** |
| 2. | | | **द्वितीय** | **दोपहर 02:00 से 04:00 तक** | **02 घंटे** | **100** |

परीक्षा में हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे, जिनमें प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर/विकल्प दिये रहेंगे। परीक्षार्थी को सही उत्तर चुनकर उससे संबंधित गोले को कम्प्यूटर के माउस की सहायक से काला करना होगा।

**2.33** (i) **परीक्षा शुल्क :-**

| स.क्र. | प्रश्नपत्रों की संख्या | अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिये | अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं ई.डब्लू.एस. के अभ्यर्थियों के लिये (म.प्र. के मूल निवासियों के लिये) | नि:शक्तजन अभ्यर्थियों के लिये (म.प्र. के मूल निवासियों के लिये) | आवेदन पत्र जमा करने के लिये एम.पी ऑन लाईन का पोर्टल शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| **01.** | एक | 400/- | 200/- | 200/- | कियोस्क के माध्यम से भरने पर 60/-<br>रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से भरने पर 20/- |

(ii) **संशोधन किये जाने पर देय शुल्क**

| स.क्र. | प्रश्नपत्रों की संख्या | आवेदन पत्र में प्रत्येकवार संशोधन किये जाने पर शुल्क | आवेदन पत्र में प्रत्येकवार संशोधन किये जाने पर पोर्टल शुल्क |
|---|---|---|---|
| 01. | एक | 20/- | 40/- |

**2.34 परीक्षा शहर :-**

आवेदकों को आवेदन पत्र भरते समय चार परीक्षा शहरों का प्राथमिकता क्रम निर्धारित करना आवश्यक है। बोर्ड द्वारा अभ्यर्थी के प्राथमिकता में अंकित किये गये शहरों में सीटों की उपलब्धता के आधार पर Random प्रकार से परीक्षा केंद्र आवंटित किये जाने का प्रयास किया जावेगा। तथापि परीक्षा शहर एवं परीक्षा केन्द्रो की उपलब्धता के अनुरूप अभ्यर्थियों को भी वांछित परीक्षा शहर के स्थान पर अन्य परीक्षा शहर आवंटित किया जा सकता है। बोर्ड अपनी सुविधानुसार परीक्षा शहरो/केन्द्रों में परिवर्तन, कमी या वृद्धि कर सकता है एवं उक्त सम्बन्ध में MPESB का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। अतः परीक्षा केंद्र परिवर्तन के सम्बन्ध में किसी प्रकार के आवेदन मान्य नहीं होंगे। लिखित परीक्षा निम्नलिखित परीक्षा शहरो/केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

| आनलाईन परीक्षा केंद्र | | | |
|---|---|---|---|
| 1. भोपाल | 2. इन्दौर | 3. जबलपुर | 4. ग्वालियर |
| 5.रतलाम | 6.रीवा | 7.सागर | 8.सतना |
| 9.उज्जैन | | | |